# हिंदी डेली
आपकी बात- हमारे साथ

dailyhindihyd@gmail.com E-paper-hindidailyweb.in WhatsApp No- 9666641609

VOLUM NO : 15 ISSUE NO : 200 Monday, 12 May 2025 सोमवार, 12 मई 2025 HYDERABAD 8 PAGES RS.3. 00


## दिल्ली विधानसभा बनेगी भारत की पहली सौर ऊर्जा से चलने वाली विधानसभा, हर महीने 15 लाख की होगी बचत



**नई दिल्ली(एजेंसी),**

------------

दिल्ली विधानसभा ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। यहां 12 मई को 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे विधानसभा पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी। इसके बाद दिल्ली में भारत की पहली सौर ऊर्जा से चलने वाली विधानसभा होगी। दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार को सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी।




# सेना ने कहा-पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा तो तगड़ा जवाब देंगे

### ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन के 40 सैनिक-अफसर मारे, 100 से ज्यादा आतंकी ढेर किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा- आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए।

### पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए

जनरल राजीव घई ने कहा कि हमने कई आतंकी ठिकानों की पहचान की थी। लेकिन कई आतंकी ठिकाने डर की वजह से खाली हो गए थे। भारत ने काफी सोच-समझकर टारगेट तय किए। सेना ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया।

### पहलगाम अटैक के बाद से नेवी भी थी अलर्ट

वाइस एडमिरल ए ए प्रमोद ने बताया पहलगाम आतंकी हमले के बाद नेवी ने अपने एसेस्ट्स डिप्लॉय कर दिए थे। हमने अपनी ऑपरेशनल रेडिनोस के लिए समंदर में टेस्ट भी किए। नेवी ने पाकिस्तान की नेवी को डिफेंसिव पॉश्चर में रहने को मजबूर किया। वह पूरे टाइम अपने हार्बर में रहे। जनरल राजीव घई ने बताया कि 10 मई की सुबह पाकिस्तान के डीजीएमओ से हॉटलाइन पर मैसेज आया। उन्होंने बात करने के लिए पूछा, हमने तय किया है बात करेंगे।

### बहावलपुर में आतंकी कैंप किया तबाह

डीजी एयर ऑपरेशन एयर मार्शल ए के भारती ने बताया कि आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक में एयर टू सर्फेस गाइडेड एम्युनिशन का इस्तेमाल किया गया ताकि कोलेटरल डैमेज ना हो। एयरफोर्स ने मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ट्रेनिंग कैंप को सटीक निशाना बनाया। स्ट्राइक का मकसद अचीव हुआ। बहावलपुर में हाई वैल्यू टारगेट था।

### पाकिस्तान ने खोए अपने 35-40 जवान

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा ऑपरेशन सिंदूर का मकसद साफ था आतंकवादियों और उनके योजनाकारों को सजा देना और उनके आतंकी नेटवर्क को खत्म करना। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से हमारे एयर फील्ड को निशाना बनाने की कोशिश की। हमने फेल किए। हमने पाकिस्तान के 35-40 सैनिकों को मार गिराया।

# सिर्फ सीजफायर हुआ है...

- मोदी सरकार के 6 बड़े फैसले दे रहे हैं इस बात की गवाही

## पाकिस्तान को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पार तनाव बढ़ने को पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। शनिवार को भारत और पाकिस्तान तत्काल सीजफायर प

- सिंधु जल समझौता से लेकर वीजा सेवाओं तक सब स्थगित



सहमत हो गए हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। सीजफायर भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच प्रत्यक्ष बातचीत का परिणाम था। इसमें इस्लामाबाद ने बिना किसी पूर्व शर्त, बिना किसी बाद की शर्त और अन्य मुद्दों से किसी भी तरह के संबंध के साथ शर्तों पर सहमति व्यक्त की थी। हालांकि, सीजफायर के बाद भी भारत पाकिस्तान को बख्शने के मूड में नहीं है। भारत के छह फैसले ऐसे हैं जो संघर्ष विराम के बाद भी लागू रहेंगे।

**सिंधु जल समझौते पर रोक, अटारी चेक पोस्ट खुलेगा-** सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की है कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि शनिवार को हुए युद्ध विराम समझौते में कोई पूर्व शर्त नहीं है, और सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। अटारी में एकीकृत चेक-पोस्ट भी बंद रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग को एक सप्ताह तक भारी सीमा पार आवाजाही के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### व्यापार पर जारी रहेगा प्रतिबंध एयरस्पेस भी अब नहीं खुलेगा

पाकिस्तान से सभी आयातों पर प्रतिबंध, चाहे वे प्रत्यक्ष हों या मध्यस्थ देशों के माध्यम से, भी जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान में रजिस्टर्ड जहाजों को भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। साथ ही भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों तक पहुंचने पर रोक लगा दी गई है जो एक सख्त कूटनीतिक रुख को दर्शाता है। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) मेंपाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध के तहत एक नए शामिल प्रावधान में कहा गया है,पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हो या अन्यथा अनुमति प्राप्त हो, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। वहीं भारत पाकिस्तान से आने-जाने वाली या पाकिस्तान से होकर जाने वाली उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना जारी रखेगा। यह कदम 30 अप्रैल से लागू है।

#### वक्त बीतने के साथ...

## सीजफायर होते ही पाक रक्षा मंत्री ने दिखाया रंग

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद शांति का रास्ता बनता दिखा है। चार दिन तक चले हमलों के बाद दोनों देश शनिवार को सैन्य कार्रवाई रोकने पर राजी हुए हैं। ये संघर्ष 6 मई को भारत के पाकिस्तान में आतंकी



ठिकानों को निशाना बनाते हुए किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुआ था। इससे पहले भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित करने, पाकिस्तान से व्यापार रोकने और बॉर्डर बंद करने जैसे फैसले लिए थे। भारत से सीजफायर के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अब सभी मुद्दों पर भारत से बातचीत का रास्ता खुल सकता है। ख्वाजा आसिफ ने एक न्यूज चैनल पर बात करते हुए कहा भारत के साथ पाकिस्तान के तीन प्रमुख मुद्दे- कश्मीर, सिंधु जल संधि और आतंकवाद है।

## तू न थमेगा कभी, तू न झुकेगा कभी...

- अमिताभ बच्चन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तोड़ी चुप्पी, सेना को किया सलाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और इस हमले का बदला लिया। बॉलीवुड के तमाम सितारों ने भी सेना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और



उनका हौसला बढ़ाया। हालांकि, महानायक अमिताभ बच्चन ने ऐसे समय में सोशल मीडिया पर चुप्पी साधी हुई थी। उनकी ब्लैंक पोस्ट यूजर्स को खटक रही थी। लेकिन अब उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। अमिताभ ने पोस्ट में लिखा तू ना थमेगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी, तू न झुकेगा कभी, कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ! अग्निपथ! अग्निपथ! अग्निपथ!!!

## राष्ट्रप्रेम के जरिए हिंदी बेल्ट में '50' पर निशाना

- असदुद्दीन ओवैसी का यूं ही नहीं हुआ हृदय परिवर्तन

**पटना (एजेंसी)।** पुलवामा से पहलगाम घटना तक आते-आते ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन पार्टी के सांसद असदुद्दीन ओवैसी का हृदय परिवर्तन हुआ या चुनावी नीति बदल गई है। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के इच्छुक रहे ओवैसी ने अब अपने पांव



हिंदी बेल्ट में फैलाने शुरू कर दिए हैं। उम्मीदवार भी गैर मुस्लिम से देने लगे हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने अब कम से कम 50 सीटों पर लड़ने का ऐलान भी कर दिया है।

## बिहार: 10 जगह सख्त निगरानी 2 लाख जवान रहे हमेशा तैयार

- सादे लिबास में महिला जवान तैनात, वॉलेंटियर्स का भत्ता बढ़ाएगी नीतिश सरकार

**पटना (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सीजफायर के उल्लंघन के बाद एक बार फिर से भारत-पाक के बीच जंग के हालात बन गए थे। युद्ध के हालात से निपटने के लिए बिहार पूरी तरह तैयार रहा। इसके लिए सवा 2 लाख से अधिक वॉलेंटियर और पुलिस बल तैयार थे। नदी से लेकर आसमान तक पर सख्त पहरा रहा। आ



स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने ऐक्शन प्लान तैयार किया था। इसमें इमरजेंसी सेवा के सभी कर्मचारियों की छुट्टी को रद्द कर दिया गया था। नेपाल बॉर्डर से लेकर अस्पताल तक को अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया गया था। पटना से हिंडन यानी गाजियाबाद, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर की फ्लाइट को 15 मई तक के लिए रद्द कर दिया गया था। वहीं, पुलिस की साइबर पेट्रोलिंग को बढ़ा दिया गया था। पुलिस को अफवाहों, प्रॉपगेंडा, आपत्तिजनक वीडियो पर कड़ी नजर रखने का आदेश था।

## नया भारत सीमा पार जाकर भी देगा मुंहतोड़ जवाब

### राजनाथ बोले-ब्रह्मोस की धमक रावलपिंडी तक सुनाई दी

**लखनऊ (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का वर्चुअली इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी, कहा- भारतीय सेना ने पराक्रम दिखा दिया है। आतंकवाद के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमने केवल

- लखनऊ में ब्रह्मोस यूनिट शुरू राजनाथ ने किया उद्घाटन

सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। रक्षा मंत्री ने कहा- हमने कभी उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक इलाकों, मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले का प्रयास किया। तब भारतीय सेना ने शौर्य और संयम के साथ उत्तर दिया। पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया। रक्षामंत्री ने कहा- भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला किया था। कई परिवार के सिंदूर मिटाए थे।




सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इंसाफ दिलाने का काम किया। यह ऑपरेशन भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन है। यह ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा-शक्ति का प्रतीक है।

### आतंकवाद पूरी तरह कुचलेंगे तभी समस्या का समाधान होगा

आतंकवाद को लेकर पीएम मोदी ने ऐलान किया है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी मानी जाएगी। याद रखना, जब तक हम आतंकवाद को पूरी तरह कुचल नहीं देंगे, तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। किसी भी देश के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर न हो। पूरी दुनिया में युद्ध अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे हैं। उन क्षेत्रों में आप देखेंगे कि जिनके पास रक्षा उत्पादन की आत्मनिर्भरता नहीं है, वे अलग-थलग पड़ गए हैं। आपके सामने इजराइल का उदाहरण है। इजराइल ने दुश्मनों को नाकों चने चबवा दिए। ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी यूनिट लखनऊ से 30 किलोमीटर दूर भटगांव में है।

## नूर खान एयरबेस तबाह, न्यूक्लियर कमांड सेंटर पर था भारत का निशाना!

### अंदर तक दहल गई थी पाक सेना, डरे शहबाज ने तुरंत लगाया अमरीका फोन, बड़ा खुलासा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना का हेडक्वार्टर है, जहां से पाकिस्तान की सरकार को कंट्रोल किया जाता है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में इसी शहर पर सबसे तेज और भयानक हमले किए। रावलपिंडी में ही नूर खान एयरबेस है, जहां पाकिस्तान की वायुसेना अपने फाइटर जेट्स में ईंधन भरती है, विमानों का मरम्मत होता है, यहीं से पाकिस्तान के वीवीआईपी नेता विदेशी दौरे के दौरान विमान से रवाना होते हैं और भारत ने इसी एयरबेस पर भयानक हमला किया था। इसने पाकिस्तान की सेना को अंदर से दहला दिया। एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि नूर खान एयरबेस पर हमला इस बात की चेतावनी थी कि भारत का अगला निशाना पाकिस्तान का परमाणु कमांड सेंटर हो सकता है, जो इस्लामाबाद से सिर्फ 10 किलोमीटर दूर था इससे पाकिस्तान की सेना डर गई।

**पाकिस्तान के परमाणु बम गिराने की क्षमता को ही नष्ट करना चाहता था भारत**

### नूर खान एयरबेस पर हमले से हिली पाकिस्तान सेना!

भारत ने 10 मई को नूर खान एयरबेस के साथ साथ चकवाल में मुरीद और शोरकोट में रफीकी एयरबेस पर हमला करने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान इस मिसाइल को ट्रैक भी नहीं कर पाया, इसीलिए ये एयरबेस बहुत हद तक निष्क्रिय हो चुके हैं। भारत के हमले में नूर खान एयरबेस को काफी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तानी मीडिया और सुरक्षा सूत्रों ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के नष्ट होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान इसी एयरबेस से टोही मिशन चलाता था। इसके अलावा लंबी दूरी तक हमला करने वाली मिसाइलों का बेस भी यही एयरबेस है। यानि, भारत ने इस एयरबेस पर हमला करके पाकिस्तान की लंबी दूरी तक मार करने की क्षमता को बेअसर कर दिया।

## पंजाब सरकार को बड़ा झटका देने की तैयारी में बीबीएमबी

### भाखड़ा डैम पर तैनात होगी सीआईएसएफ, शपथ पत्र दायर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा और पंजाब के बीच छिड़े जल विवाद के दौरान बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) ने पंजाब सरकार को बड़ा झटका देने की तैयारी कर ली है। बीबीएमबी अब भाखड़ा की सुरक्षा पंजाब से वापस लेकर सीआईएसएफ को सौंपने जा रहा है। बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने शुक्रवार की शाम हुई सुनवाई



के दौरान हाईकोर्ट में एक शपथ पत्र दायर करके पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट दी है। बीबीएमबी अध्यक्ष ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा कि पंजाब कैडर के बीबीएमबी अधिकारियों और पंजाब पुलिस के असहयोग के कारण बीबीएमबी अधिकारी अपना काम नहीं कर पाए। भाखड़ा नंगल डैम पंजाब के अधिकार क्षेत्र में आता है। वहां इस समय पंजाब पुलिस की सुरक्षा है। इसके जवाब में बीबीएमबी चेयरमैन ने हाईकोर्ट को बताया कि बीबीएमबी द्वारा ब्यास सतलुज लिंक परियोजना सुंदरनगर हिमाचल प्रदेश में पहले से ही सीआईएसएफ को तैनात किया जा चुका है।

### अधिकारियों को गेस्ट हाउस में हिरासत में ले लिया

अध्यक्ष ने शपथ पत्र में लिखा, नगल पहुंचने पर वे मुख्य द्वार से गेस्ट हाउस में प्रवेश नहीं कर पाए क्योंकि गेट पर बहुत सारे लोग एकत्र हुए थे और मुख्य द्वार बंद था। इसलिए वे दूसरे रास्ते से गेस्ट हाउस में प्रवेश करने में सफल रहे। गेस्ट हाउस पहुंचने के बाद मैंने बार-बार पुलिस कर्मियों से पंजाब के मुख्यमंत्री के दौरे के बारे में पूछा। बार-बार कहा गया कि कुछ मिनट और इंतजार करो। इस तरह दो घंटे से अधिक समय बर्बाद हो गया। प्रतीक्षा करने की इस प्रक्रिया में मुझे और बीबीएमबी के अन्य अधिकारियों को मित्रों और रिश्तेदारों से कई बार फोन आए कि पंजाब पुलिस ने उन्हें और बीबीएमबी के अन्य अधिकारियों को गेस्ट हाउस में हिरासत में ले लिया है। चेयरमैन को बीबीएमबी के सुरक्षा कर्मचारियों ने बताया कि बहुत सारे लोग एकत्र हो गए हैं।

# संपादकीय | मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है पाकिस्तान

अब यह पूरी तरह साफ है कि पाकिस्तान की बेजा हरकतों और आतंकवादियों को शह देने की प्रवृत्ति ने ही भारत के सामने आखिरी विकल्प के रूप में आतंकियों को ठोस जवाब देने की स्थिति पैदा कर दी। पहलगाम में आतंकी हमला धीरज रखने की अंतिम हद थी, जिसके बाद भारत ने वही किया, जो इसके लिए उचित था। अब सीमा पार आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने जिस तरह अपनी व्यथा को पेश करने की कोशिश कर रहा है, उसमें आमतौर पर किसी देश ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। इसके कारण भी साफ हैं। दरअसल, ज्यादातर देश जानते हैं कि दुनिया भर में आतंकवाद ने एक जटिल समस्या के रूप में जड़ पकड़ी और अलग-अलग देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है, तो उसमें पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। आतंकियों को पलने-बढ़ने और प्रशिक्षण हासिल करने के आसान ठिकाने मुहैया करा कर पाकिस्तान ने क्या साबित करने की कोशिश की है? आखिर किन वजहों से कुछ आतंकवादी संगठनों को अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए पाकिस्तान एक सुरक्षित ठिकाना लगता रहा है? जाहिर है, बिना शह और संरक्षण के आतंकवादी किसी ऐसी जगह को अपने लिए सुरक्षित नहीं मान सकते। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भी आतंक का पोषण करने के मसले पर पाकिस्तान पर सवाल उठे, तब उसने हर बार इस आरोप से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की। मगर भारत ने दुनिया के तमाम प्रभावशाली देशों के सामने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान के बारे में स्पष्ट तथ्य रखे। यह बेवजह नहीं है कि पाकिस्तान



अब भारत का जवाब झेलते हुए एक मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है तो दुनिया के देश यह समझ रहे हैं कि इस स्थिति के लिए खुद पाकिस्तान का रुख जिम्मेदार है। इसी कारण अपनी सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले को आधार बना कर वह वैश्विक समुदाय को अपना पक्ष बताने की कोशिश कर रहा है। मगर पिछले कई दशकों से आतंकवाद को जटिल बनाने में उसका जो रवैया रहा है, उसे देखते हुए तमाम देश भारत के जवाबी हमले और उससे उपजी स्थिति के बारे में पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

दूसरी ओर, भारत ने धीरज छूटने के बाद जिस तरह जवाब के तौर पर 'केंद्रित और नपी-तुली' कार्रवाई की, दुनिया के करीब सभी प्रभावशाली देशों ने उसका मजबूत आधार देखा और उसे उचित माना। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत साख वाला देश होने के नाते भारत ने अलग-अलग देशों के सामने स्थिति स्पष्ट करना अपनी जिम्मेदारी समझी। कूटनीतिक मोर्चे पर की गई भारत की इस पहलकदमी के सकारात्मक नतीजे सामने आए, जब भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिका, ईरान और सऊदी अरब के अपने समकक्षों से बात की और यह स्पष्ट किया कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमला होता है तो मजबूती से जवाब दिया जाएगा।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद से अब तक जो वस्तुस्थिति सामने रही है, वह दुनिया की नजर में है और इसी वजह से कई देशों ने भारत के रुख का समर्थन किया। जाहिर है, भारत की इस कवायद के बाद पाकिस्तान के अलग-थलग पड़ने की रफ्तार और तेज होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि कम से कम अब वह इस हकीकत को समझने और स्वीकार करने को तैयार हो कि आतंक को शह और संरक्षण देकर उसने क्या गंवाया है।

## आज मामूली विवाद पर मरने-मारने को उतारू हो जाते हैं लोग



कई वजह हो या फिर ऐसी बात, जिस पर गुस्सा तक नहीं होना चाहिए, उस पर भी अब लोग तुरंत इस कदर आवेश में आने लगे हैं कि देखते ही देखते वे हिंसक रूप ले लेते हैं। पिछले दिनों दिल्ली में खाना बना रहे एक मजदूर ने महज इस बात के लिए अपने एक साथी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने सब्जी में नमक ठीक से डालने के लिए कहा था। भोजन में नमक कम या ज्यादा हो जाना क्या कोई ऐसी बात है कि जो किसी को इतना हिंसक बना दे कि वह अपने ही साथी की जान ले ले? यह गुस्सा है या मानसिक विकार? आज अधिकतर लोग आर्थिक संकट, टूटते रिश्ते, घर-दफ्तर या फिर परिवार की किसी न किसी समस्या से परेशान हैं। मगर हमने कैसा समाज बना डाला है, जहां किसी कमजोर के साथ नाइंसाफी होने, कोई अधिकार छिन जाने या फिर स्त्रियों की गरिमा के हनन होने पर तो गुस्सा नहीं आता, लेकिन जिन बातों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाना चाहिए, वहां लोग मामूली विवाद पर मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। शहरों-महानगरों में सड़कों पर ऐसे दृश्य आम हैं जब बहुत छोटी बात पर भी हिंसक और जानलेवा टकराव हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसका एक नकारात्मक पक्ष यह भी है। अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद करने लगे हैं। जब यह आकांक्षा पूरी नहीं होती, तो उनमें निराशा और हताशा बढ़ने लगती है। इसी के साथ उनमें आया चिड़चिड़ापन कब गुस्से में बदल जाता है, इसका पता भी नहीं चलता। वहीं लोगों के बीच बेतहाशा प्रतिद्वंद्विता भी देखी जाने लगी है। जब किसी को मन मुताबिक चीजें नहीं मिलतीं, तो इसे लेकर मन में बनी गांठ में गुस्सा पलने लगता है जो कभी भी फूट पड़ता है। पहले कोई झगड़ा होता था, तो लोग धीरज से काम लेते थे और मिल-बैठ कर सुलझा लेते थे। जिंदगी की कई मुश्किलों को हल करने का यही एक आसान तरीका था। मगर टीवी और मोबाइल पर लगातार परोसी जा रही नकारात्मक सामग्री के असर से और दूसरी समाज मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों की वजह से एक ऐसी पीढ़ी तैयार हुई है जो सहसा हिंसक हो उठती है। जबकि धैर्य और विवेक मनुष्यता के सबसे बड़े गुण हैं और इसे ही लोग खो रहे हैं।

## आज का कार्टून




# पाकिस्तान को भारत विरोधी नीति को छोड़ना ही होगा

**वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है। यह निश्चित ही पाकिस्तानी नागरिकों के साथ अन्याय है क्योंकि अन्यथा यह भारी भरकम राशि उनके जीवन स्तर को सुधारने पर खर्च की जा सकती थी। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध के बाद भारत ने 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णय लिए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि को निलम्बित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, राजनयिक संबंधों को कम करना, पाकिस्तानी विमानों को भारतीय सीमा के ऊपर उड़ने की अनुमति रद्द करना एवं तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार का व्यापार निलंबित करना आदि कदम शामिल है।**

प्रह्लाद सबनानी

पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है। भारत के इस अंधे विरोध के चलते पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति पूर्णतः बाधित हुई है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1947 में एक साथ राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े थे। परंतु, आज पूरे विश्व में भारत एक महाशक्ति बन गया है जबकि पाकिस्तान लगातार केवल आतंकवादी संगठनों की स्थापना करते हुए आज विश्व में आतंकवादी पैदा करने की सबसे बड़ी फैक्टरी बन गया है तथा आर्थिक प्रगति के मामले में तो एकदम पिछड़ गया है।

आज भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद केवल 37,900 करोड़ रुपए का ही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 11,110 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति आय 6,720 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, अर्थात भारत की तुलना में लगभग आधी, जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है तो वहीं पाकिस्तान की जनसंख्या केवल लगभग 25 करोड़ ही है। इसी प्रकार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो कि संभवतः इस वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर को भी पार कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही है। पाकिस्तान पूरे विश्व में विभिन्न वित्तीय संस्थानों एवं देशों से सबसे अधिक बार ऋण लाने वाले एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में प्रथम स्थान पर काबिज है। अभी भी, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड से 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत अन्य देशों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की रही है। इसके विपरीत पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2022 में 6.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2023 में ऋणात्मक 0.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 2.5 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद के आकार का 11 गुणा से भी



अधिक है। भारत के बड़े आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी अधिक है और पाकिस्तान के छोटे आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी कम है। इससे तो भविष्य में पाकिस्तान, भारत की तुलना में और अधिक पिछड़ता जाएगा। भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। भारत का वार्षिक वित्तीय बजट पाकिस्तान के वार्षिक वित्तीय बजट से लगभग 10 गुणा है। पाकिस्तान के वार्षिक बजट के आकार से अधिक आकार का बजट तो भारत में अकेले उत्तर प्रदेश राज्य का ही है। भारत में केंद्र सरकार के उपक्रम एवं अन्य उपक्रम केंद्र सरकार को लाखों करोड़ रुपए की राशि डिवीडेंड के रूप में उपलब्ध करा रहे हैं। इस वर्ष, अकेले भारतीय रिजर्व बैंक ही 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने जा रहा है। अकेले वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण ही लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में अप्रेल 2025 माह में 2.37 लाख करोड़ रुपए का वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण हुआ है। रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आज पूरे विश्व में एक सक्षम एवं अनुशासित महाशक्ति बन चुका है। अतः पाकिस्तान को भारत से लड़ाई करने का विचार ही अपने मन से निकाल देना चाहिए, इसी में पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी भलाई है। कुछ समाचारों के अनुसार, दिनांक 8 मई 2025 की रात्रि में पाकिस्तान ने लगभग 200 मिसाईल एवं ड्रोन भारत के विभिन्न शहरों पर दागे थे, परंतु इनमें से शायद एक भी ड्रोन पाकिस्तान द्वारा तय किए गए अपने ठिकाने पर नहीं पहुंच सका और भारतीय सेना ने इन मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। जबकि, भारत ने जितने भी मिसाईल एवं ड्रोन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर दागे, इन लगभग सभी ने ही अपने निशाने पर सटीक रूप से पहुंच कर उन ठिकानों को तबाह किया है। अतः पाकिस्तान के नागरिकों को भी अब इस बात पर विचार करना चाहिए कि पड़ौसियों के साथ मित्रवत होकर रहने में ही दोनों देशों की भलाई है। पाकिस्तान यदि भारत से युद्ध करेगा तो उसे निश्चित ही मुंह की खानी पड़ेगी, जैसा कि अभी की परिस्थितियों की बीच होता हुआ दिखाई भी दे रहा है।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने पाकिस्तान को भारत के साथ युद्ध से बचने की सलाह दी है क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहिले से ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है एवं पाकिस्तान पर आज कर्ज का भारी भरकम बोझ इतना अधिक है कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान एक हफ्ता भर भी भारत के सामने युद्ध में नहीं टिक पाएगा। वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है। यह निश्चित ही पाकिस्तानी नागरिकों के साथ अन्याय है क्योंकि अन्यथा यह भारी भरकम राशि उनके जीवन स्तर को सुधारने पर खर्च की जा सकती थी। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध के बाद भारत ने 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णय लिए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि को निलम्बित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, राजनयिक संबंधों को कम करना, पाकिस्तानी विमानों को भारतीय सीमा के ऊपर उड़ने की अनुमति रद्द करना एवं तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार का व्यापार निलंबित करना आदि कदम शामिल है। इन सभी निर्णयों का प्रभाव निश्चित ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को और अधिक विपरीत रूप से प्रभावित करेगा एवं पाकिस्तान के नागरिकों के लिए और अधिक समस्याएं खड़ी करेगा। भारत में उत्पन्न विभिन्न धर्मों के अनुयाई नागरिक सामान्यतः अत्यधिक शांतिपूर्ण तरीके से रहते आए हैं। भारत के अति प्राचीन काल के इतिहास से लेकर आज तक इस तरह की घटनाओं का वर्णन बिलकुल नहीं मिलता है कि भारत ने कभी भी विस्तारवादी नीति के तहत किसी अन्य राष्ट्र पर आक्रमण किया हो। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान ने अपने जन्म से ही आक्रामक नीति अपनाते हुए भारत विरोध को अपनी राष्ट्रीय नीति के रूप में चुना इससे पाकिस्तान के राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने पाकिस्तान के आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के बजाय भारत को परेशान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक आतंकवादी पैदा करने की नीति का अनुसरण किया। परंतु, आज समय आ गया है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जागरूक होकर वहां के राजनैतिक दलों एवं नेताओं पर दबाव बनाना चाहिए ताकि वे उनके हितों को ध्यान में रखते हुए देश की आर्थिक प्रगति की ओर विशेष ध्यान दें। जिससे, पाकिस्तान के आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार कर उसे ऊपर लाया जा सके।

# सामाजिक संरचना का आधार बनती हैं मनुष्यता...

**भावनाओं को समझना हमें हमारी वास्तविक आत्मा से जोड़ता है। जब हम सहानुभूति के साथ दूसरों की पीड़ा और आनंद को साझा करते हैं, तो हमारे भीतर भी सुख और संतोष की अनुभूति होती है। सांसारिक यात्रा का हमारा ध्येय मात्र अपनी जरूरतों को पूरा करना भर नहीं है, वह हर जीव जंतु करता है। मनुष्यता में दूसरों के प्रति परोपकार और सहानुभूति की भावना सामाजिक संरचना का आधार बनती हैं। समाज में एक दूसरे पर निर्भरता के तथ्य को समझकर स्वयं के भीतर प्रेम, दया और करुणा जैसे मानवीय गुणों को विकसित करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर, उनका संवर्धन करना और भावी पीढ़ियों को इसका स्थानांतरण करना भी महत्त्वपूर्ण दायित्व है।**

राजेंद्र कुमार शर्मा

अनुभूति और सहानुभूति दोनों ही दूसरों की भावनाओं को समझने से जुड़ी मानवीय भावनाएं हैं, लेकिन इन दोनों में निहित भावनाओं को समझने में हम असमर्थ और असहाय महसूस करते हैं। अनुभूति का अर्थ है किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं को स्वयं अनुभव करना, जैसे कि हम खुद उसी स्थिति में हों। अगर हमारे किसी मित्र के किसी बहुत प्रिय स्वजन की मृत्यु हो जाती है और वह बहुत दुखी है, तो हम उसकी स्थिति को समझते हुए यह महसूस करते हैं कि अगर हम उसकी जगह होते तो हमें कैसा लगता? यहां हम उसके भावनात्मक दर्द को महसूस कर रहे हैं। सहानुभूति में हम किसी व्यक्ति की पीड़ा या दुख को देखकर उसके प्रति दया या चिंता प्रकट करते हैं, बिना उसकी भावनाओं को खुद महसूस किए। मित्र के स्वजन की मृत्यु होने पर हम कहते हैं कि 'मुझे दुख है, भगवान सब ठीक करेगा।' यहां हम उसकी भावनाओं को समझते तो हैं, लेकिन उन्हें महसूस नहीं कर रहे।

आमतौर पर सहानुभूति एक मानवीय प्रतिक्रिया है जो भावनाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम है। इसे हम एक मानवीय सद्गुण की संज्ञा दे सकते हैं। एक समय था जब लोग विभिन्न पीढ़ियों, समुदायों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में समानता देखते थे। हमारे धर्म ग्रंथों



और शास्त्रों में वर्णित हैं कि हमारे आत्म की सीमाएं वास्तव में कोई बाहरी शक्ति तय नहीं करती, यह सीमाएं अक्सर हम खुद ही तय करते हैं। हमारे डर, विश्वास, अनुभव, सामाजिक मर्यादाएं और आत्म-संकोच मिलकर हमारी 'सीमाएं' बनाते हैं। लेकिन अगर गहराई से देखें, तो आत्मा (या आत्म) की कोई सीमा नहीं होती। वह चेतना, ऊर्जा और असीम संभावनाओं का स्रोत है। आत्म का स्वभाव तो अविनाशी, निडर और विस्तारित होना है। इसलिए सही मायनों में इसकी सीमाएं कोई तय नहीं करता। जब हम स्वयं को पहचान लेते हैं, तब सारी सीमाएं टूटने लगती हैं। कुछ शास्त्रों में उल्लेख है कि हमारी आत्मा की सीमाएं केवल हमारे अहंकार और पूर्वाग्रहों द्वारा तय की जाती हैं। पूरा जीव-जगत दुख और हर्ष जैसे प्राकृतिक गुणों के प्रति संवेदनशील होता है और यही संवेदनशीलता प्रगाढ़ संबंधों और सार्थक संवाद का आधार बनती है, लेकिन वर्तमान समय में प्रतिदिन होने वाले अपराध, हत्याएं, रक्तपात और चलचित्रों में दिखाए जाने वाले हिंसा से भरे दृश्यों ने संवेदना और सहानुभूति जैसे मानवीय और सामाजिक गुणों को क्षीण किया है। इसका परिणाम है सहानुभूति की कमी। व्यक्ति आत्मकेंद्रित हो चुका है। व्यक्तित्व और सामाजिक मनोविज्ञान समीक्षा का अध्ययन बताता है कि लोगों में दूसरे के दुख में दुखी होने की भावना तीव्रता से क्षीण हो रही है।

वर्तमान में हम सिर्फ स्वयं की चिंता करते हैं, स्वयं का अहंकार सर्वोपरि है और दुनिया, समाज की चिंताओं को हमने भुला दिया है। मानवीय व्यक्तित्व में ऐसे गुणों का समावेश व्यक्तिगत संबंधों पर प्रहार के समान है। वैश्विक स्तर पर व्यक्ति पर्यावरण, ऊंच-नीच, 'डिजिट अरेस्ट' और साइबर अपराध जैसे मुद्दों का सामना कर रहा है, जिनका हल सहानुभूति जैसे मानवीय गुणों से संभव हो सकता है, लेकिन अगर समाज आत्म-केंद्रितता और उदासीनता से भर जाए, तो इन समस्याओं को हल करना मुश्किल हो जाएगा। बाइबल में वर्णित है कि यीशु का सभी मनुष्यों के प्रति गहरा प्रेम और चिंता उनकी सांसारिक सेवा के दौरान व्यक्त हुई। उन्होंने कई चमत्कारी कार्यों में अपनी सहानुभूति का हृदय प्रकट किया। वे जीवन के सभी क्षेत्रों से पीड़ित और पीड़ित लोगों से वास्तव में जुड़े। बाइबल में ऐसे अनगिनत उदाहरण बताए गए हैं, जिनसे यीशु ने सहानुभूति का उपहार दिया। हमें सहानुभूति और प्रेम की गहरी भावना को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका यह है कि हम स्वयं को दूसरों के दृष्टिकोण से दुनिया को देखने का अवसर दें। आज हमारी अवैयक्तिक दुनिया में सहानुभूति बहुत कम देखने को मिलती है। यह एक ऐसा गुण है जो जब प्रदर्शित होता है तो इसकी दुर्लभता के कारण ध्यान आकर्षित करता है। एक ऐसा गुण, जो इसे प्राप्त करने वालों के लिए एक उपहार है। कहा जाता है कि सभी ब्रह्मांडों का उदय एक ध्वनि, एक नाद, एक लोगोस या एक 'शब्द' से हुआ है। यह 'शब्द' तब भी था, जब कुछ नहीं था और यह तब भी रहेगा, जब कुछ नहीं होगा। यानी एक निराकार सत्ता का ही अस्तित्व सदैव रहा है। जल, आकाश, अग्नि, वायु और पृथ्वी सभी उसी के अस्तित्व से हैं। इसी प्रकार, हम सभी उसी अस्तित्व का हिस्सा हैं और इसलिए हमारी परस्पर जुड़ाव की भावना स्वाभाविक है। भावनाओं को समझना हमें हमारी वास्तविक आत्मा से जोड़ता है। जब हम सहानुभूति के साथ दूसरों की पीड़ा और आनंद को साझा करते हैं, तो हमारे भीतर भी सुख और संतोष की अनुभूति होती है। सांसारिक यात्रा का हमारा ध्येय मात्र अपनी जरूरतों को पूरा करना भर नहीं है, वह हर जीव जंतु करता है। मनुष्यता में दूसरों के प्रति परोपकार और सहानुभूति की भावना सामाजिक संरचना का आधार बनती हैं। समाज में एक दूसरे पर निर्भरता के तथ्य को समझकर स्वयं के भीतर प्रेम, दया और करुणा जैसे मानवीय गुणों को विकसित करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर, उनका संवर्धन करना और भावी पीढ़ियों को इसका स्थानांतरण करना भी महत्त्वपूर्ण दायित्व है। दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा की भावना दूसरों से जोड़ने के साथ ही आत्मा और चेतना से हमारा साक्षात्कार भी करवाती है।



# फिल्म थिएटर में चले या ओटीटी पर, एक्टर की जिम्मेदारी सिर्फ अच्छी एक्टिंग है

मैं एक छोटे से गांव से आया हूं और तमाम संघर्षों के बाद जब बॉलीवुड ने मुझे अपनाया, तो वह मेरी सोच, मेरी उम्मीदों और शायद मेरी औकात से भी बहुत ज्यादा था। यह सफर अब लंबा हो चुका है। मगर इतने सारे काम और मेरी फिल्मों को मिलने वाली तमाम तारीफ का श्रेय मैं संघर्षों के उन्हीं दिनों को दूंगा, जिन्होंने मुझे भीतर से मजबूत बनाया। मुश्किलों के दिन ही आपकी जिंदगी की कहानी बनते हैं। तो इन दिनों में हार मानने से बेहतर है, जीत जाने की उम्मीद को यह सोचकर जिंदा रखें कि आप एक बेहतर लाइफ जर्नी के दौर में हैं। यह बात मांझी द माउंटेन मैन, सीक्रेट गेम्स, गैंग्स ऑफ वासेपुर और तलाश जैसी फिल्में करने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने।

### स्क्रिप्ट दूसरी बार पढ़ना पड़े तो सोच लेता हूं, कहानी मेरे लायक नहीं...

आप ओटीटी प्लेटफॉर्म को कैसे देखते हैं?
शुरुआत में जब ओटीटी आया था, तो बहुत अच्छी क्वालिटी की वेबसीरीज और फिल्में आईं। इसने नए एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक मजबूत मंच दिया। मगर, धीरे-धीरे कुछ प्रोजेक्ट्स में क्वालिटी में गिरावट देखने को मिली। फिर भी मैं इसे एक बेहतरीन माध्यम कहूंगा। इसकी वजह से उन कहानियों को प्लेटफॉर्म मिला, जिसे बड़े पर्दे पर शायद कभी मौका न मिल पाता।

**किसी फिल्म स्क्रिप्ट के लिए हां कहने का निर्णय किस आधार पर लेते हैं?**
मैं अक्सर स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त बहुत सोच-विचार नहीं करता। अगर मुझे स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त ही लग जाता है कि इसमें कुछ अच्छा और अलग है, तो मैं बिना देर किए हां कह देता हूं। अगर लगा कि प्रोजेक्ट को लेकर सोचने की जरूरत है या दूसरी बार स्क्रिप्ट की रीडिंग करनी होगी, तो तय हो जाता है कि यह कहानी मेरे लायक नहीं है। ऐसी फीलिंग आते ही जल्द से जल्द मेकर्स को मना जरूर कर देता हूं, ताकि वे आगे की प्लानिंग कर सकें।

**ओटीटी की वजह से आजकल लोग थिएटर में फिल्म देखने से बचते हैं, इस ट्रेंड को कैसे देखते हैं?**
ये सही है कि बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर फिल्म ओटीटी पर आने वाली है, तो थिएटर क्यों जाएं? मुझे लगता है कि ओटीटी, थिएटर और ड्रामा... ये सभी अलग मीडियम हैं और सभी की अपनी खासियत है। एक एक्टर के रूप में मुझे फर्क नहीं पड़ता कि मेरा काम कहां देखा जा रहा है। मेरा फोकस सिर्फ इस बात पर होता है कि मैं अपनी एक्टिंग में सच्चाई और गहराई ला सकूं।



# महाराज का वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा...

**जबलपुर जैसे छोटे शहर से आकर ग्लैमर इंडस्ट्री में अपने दम पर अर्जुन रेड्डी, जयेशभाई जोरदार, महाराज जैसी बड़ी-बड़ी फिल्में करने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे आज कई लड़कियों के लिए नजीर हैं। बचपन से ही बेबाक और बिंदास रहीं शालिनी ने हमसे एक खास बातचीत के दौरान समाज में लैंगिक गैर बराबरी, एक्ट्रेसेज के बीच कैटफाइट, सिस्टरहुड जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा की**

**आपने जिस तरह जबलपुर से आकर अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाई, वह लड़कियों के लिए प्रेरणा है। लड़की होने के नाते आपको समाज की कौन सी सोच परेशान करती है, जिसके खिलाफ आप लड़ी हों?**
हमें रोज लड़ना पड़ता है। ऐसा कोई एक दिन नहीं होता है। मैं 21 की उम्र तक अपने घर जबलपुर में रही हूं। वहीं पढ़ी-लिखी, कॉलेज किया। वहां हर दिन मेरी एक लड़ाई होती थी, वो चाहे मेरे रिश्तेदारों से हो, किसी अजनबी से हो, कॉलेज के लोगों से हो या टीचर से और क्या होता है कि अगर छोटे शहरों में आप बेबाकी से अपनी राय रखते हैं, तो आपको एक अलग नजरिए से देखा जाता है। जब तक आप जिंदगी में कुछ कर नहीं लेते हैं, लोगों को लगता है कि आप गलत ही हैं। उनके लिए आप वो बिगड़ी हुई लड़की हैं, जो उनके बच्चों को भी बिगाड़ देगी। फिर अचानक से जैसे अब मैं उनकी नजरों में सफल हो गई हूं तो अरे, हमारी बेटी, हमारी ये-वो शुरू हो जाता है, मगर ये लड़ाई कभी खत्म नहीं होती। एक लड़की होने के नाते यह रोज का संघर्ष है।


**आपने सही कहा, औरत-आदमी के बीच भेदभाव समाज का कड़वा सच है। इंडस्ट्री में भी यह मुद्दा उठता रहता है। आपकी इस बारे में क्या राय है?**
एक लड़की के तौर पर मैं तो यही चाहूंगी कि हमें बराबर समझा जाए। हमें बराबरी का महत्व नहीं मिलना दिल तोड़ने वाला है, पर मेरा दिल तब ज्यादा दुखता है, जब औरतें ही औरतों के पीछे पड़ जाती हैं। मेरा मानना है कि हमें एक-दूसरे को सपोर्ट करना है, क्योंकि यह सालों की लड़ाई है, जो हमें आगे भी लड़नी है। ऐसा नहीं है कि अब सब ठीक हो गया है। बहुत सी औरतों ने पहले यह लड़ाई लड़ी है, जिसकी वजह से आज हम कम से कम अपनी आवाज उठा पा रहे हैं। लेकिन हमें आगे भी बहुत लड़ाई लड़नी है, तो हमें ये समझना होगा कि हम औरतें एक टीम हैं। हम एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं।

**फिल्म महाराज में किशोरी के किरदार के लिए आपको सराहा गया, पर सुना है कि फिल्म में इंटिमेट सीन करके आपको काफी अजीब महसूस हुआ था। कितना चैलेंजिंग था वह?**
वह निश्चित तौर पर बहुत चैलेंजिंग रोल था, क्योंकि उसमें बहुत सारे लेयर हैं। बतौर ऐक्टर मेरी कोशिश ये होती है कि ईमानदारी से अपना किरदार निभाऊं। अपनी निजी सोच और नैतिकता हटाकर उस पर भरोसा करूं, उसे समझूं, पर उस समयकाल में जाकर उस लड़की की अंधभक्ति को समझना मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था। उस सीन में मुझे सहज करने में मेरे निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा, राइटर स्नेहा, डीओपी राजीव सर, सबका योगदान रहा, क्योंकि आप किस तरह शूट करते हैं, किस नजरिए से दिखाते हैं, वह बहुत मायने रखता है। मगर वो सीन करते वक्त मुझे उसकी इंटेंसिटी पता चली कि ओह माई गॉड, वे लड़कियां इस चीज से गुजरी होंगी। वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा था क्योंकि तब मुझे समझ में आया कि हम तो ऐक्टिंग कर रहे हैं, मगर जब यह असल में हुआ होगा तब उन लड़कियों पर क्या गुजरी होगी और अभी भी ऐसी चीजें कहीं ना कहीं होती होंगी।

# आलिया भट्ट की अल्फा में मानुषी की भी हुई एंट्री



मानुषी छिल्लर को यशराज फिल्म्स ने एक बार फिर मौका दिया है। मिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीतने वाली मानुषी अब आलिया भट्ट की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में काम करती दिखेंगी। यशराज फिल्म्स के महिला स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म अल्फा में आलिया के अलावा शरवरी वाघ भी अहम किरदार में हैं। खबरों के अनुसार, मानुषी फिल्म में जासूसी करती हुई और आलिया व शरवरी के साथ एक्शन सीन्स करती नजर आएंगी। शिव रवैल द्वारा निर्देशित अल्फा इस साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन भी एजेंट कबीर के रूप में एक्शन करते दिखाई देंगे, जबकि आलिया एक सुपर एजेंट हैं। बता दें कि मानुषी को बॉलीवुड में लॉन्च करने वाले आदित्य चोपड़ा ही थे। उन्होंने फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में उन्हें ब्रेक दिया था।



# साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म में लीड रोल निभाएंगी कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी।

## जल्द शुरू होगी शूटिंग

वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है 'ब्लेस्ड बी द एविल' इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।

## क्या होगी फिल्म की कहानी?

रिपोर्ट के मुताबिक कहानी एक ईसाई कपल पर केंद्रित है जो गर्भपात के आघात से जूझ रहा है। एक नई शुरुआत की तलाश में, वह एक अंधेरे और भयावह इतिहास वाले एक छोड़े हुए खेत को खरीदते हैं, लेकिन यहां उनका सामना एक दुष्ट शक्ति से होता है। फिल्म के निर्देशक अनुराग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'ग्रामीण भारत में पैदा होने और अपना बचपन बिताने के कारण, मुझे ऐसी कहानियां सुनाई गईं जो मेरे दिमाग और दिल में बस गईं। यह लोककथा इतनी खास थी कि मुझे वास्तव में सभी कहानियों पर विश्वास था। मैं उन्हें सिनेमा की कला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना चाहता था।' अभिनेत्री कंगना रनौत ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अभिनेत्री को आखिरी बार 'इमरजेंसी' में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की भी शुरुआत की। फिल्म में उन्होंने भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी।

# सामंथा की शुभम से साउथ में डेब्यू करेंगे क्लिंटन और बियांका

शोर पुलिस की मशहूर जोड़ी, क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स, ने सामंथा रूथ प्रभु की पहली प्रोडक्शन फिल्म शुभम के साथ तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। यह जोड़ी फिल्म के लिए पूरे पांच साइंडट्रैक तैयार कर रही है, जिसमें हिप-हॉप से लेकर कई शैलियों के 5 गाने शामिल हैं।

### क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स की जोड़ी साउथ में करेगी डेब्यू

क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स की जोड़ी ने शुभम के लिए पांच गानों का एक शानदार एल्बम तैयार किया है, जो फिल्म की हॉरर-कॉमेडी कहानी को और शानदार बना देगा। इस एल्बम में अलग-अलग शैलियों के गाने हैं, जैसे आर एंड बी, तेलुगु रैप, हिप-हॉप, रेट्रो और इलेक्ट्रॉनिक धुनें। वेलिपोव एक मजेदार आर एंड बी गाना है, जिसमें कुणाल गांजावाला की आवाज है। जाग्रत एक तेज-तर्रार रैप नंबर है, जिसे असुर और नवाब गैंग ने गाया है। अय्यो पापम में क्लिंटन और बियांका की जोड़ी ने मजेदार अंदाज में गाया है। जन्म जन्ममाला बंधम 90 के दशक के टीवी सीरियल की थीम जैसा है और द क्लॉक स्ट्राइक्स 9 एक मॉडर्न इलेक्ट्रो रीमिक्स है, जिसे बियांका और जैन बॉक्सवाला ने गाया है। क्लिंटन ने बताया कि शुभम उनका तेलुगु सिनेमा में पहला प्रोजेक्ट है और उन्हें अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने की पूरी आजादी मिली। वहीं बियांका ने कहा कि फिल्म की कहानी और किरदारों के मूड को ध्यान में रखकर संगीत बनाना मजेदार था और इस आजादी ने उन्हें एक खास एल्बम बनाने में मदद की। शुभम 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स, जो सामूहिक रूप से शोर पुलिस के रूप में जाने जाते हैं, एक पॉप बैंड है, जो अपने अनूठे साउंडट्रैक के लिए प्रसिद्ध है। वे अपनी स्वतंत्र संगीत रचनाओं के अलावा, बॉलीवुड में कई हिट गाने भी गा चुके हैं।





# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय, सैफ अली खान संग करेंगे दो-दो हाथ

बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## अक्षय वर्सेज सैफ

यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे, लेकिन अक्षय कुमार का खलनायक अवतार दर्शकों को हैरान कर देगा। यह फिल्म दोनों सितारों के बीच एक जबरदस्त जंग दिखाएगी, जो रोमांच और तनाव से भरी होगी।

## प्रियदर्शन के निर्देशन में बनेगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन डायरेक्ट करेंगे, जिन्हें कॉमेडी और थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि अक्षय और सैफ ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, यह एक सस्पेंस से भरी थ्रिलर फिल्म है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। प्रियदर्शन का निर्देशन इसे और भी खास बनाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 में शुरू होगी और इसे 2026 में रिलीज करने की योजना है। अक्षय और सैफ की जोड़ी आखिरी बार 2008 में टशन में नजर आई थी। अक्षय और सैफ की जोड़ी पहले भी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आंखें' और 'ये दिल्लगी' जैसी फिल्मों में जादू दिखा चुकी है।

## सैफ और अक्षय की फिल्में

सैफ अली खान हाल ही में अपनी फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए, जिसमें उनके साथ जयदीप अहलावत और निकिता दत्ता भी थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म के अंत ने इसके सीक्वल की संभावना को भी हवा दी है। दूसरी ओर, अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है।
अनन्या पांडे और आर. माधवन के साथ उनकी यह पीरियड कोर्टरूम ड्रामा, जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश राज के खिलाफ एक वकील की लड़ाई की कहानी है। दर्शकों से इसे जबरदस्त प्यार मिल रहा है। अक्षय की अगली फिल्म हाउसफुल 5 भी चर्चा में है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही यह कॉमेडी फिल्म 6 जून 2025 को रिलीज होगी।

# तापसी स्टारर हसीन दिलरुबा 3 की स्क्रिप्ट पर शुरू हुआ काम

तापसी पन्नू अपनी चर्चित फिल्म हसीन दिलरुबा का तीसरा पार्ट लेकर आ रही हैं। फिल्म की राइटर और निर्माता कनिका ढिल्लों ने इसके संकेत दिए थे और अब खबरें हैं कि तापसी एक बार फिर दिलरुबा बनकर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, हसीन दिलरुबा 3 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है। अगले पार्ट में रानी और रीशू की प्रेम कहानी और भी दिलचस्प मोड़ लेगी। कहा जा रहा है कि तीसरी किस्त पिछली दोनों फिल्मों से ज्यादा धमाकेदार होगी, जिसमें ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का तड़का होगा। फिलहाल अनुभव सिन्हा के साथ तापसी की एक फिल्म आ रही है।



## सीजफायर तोड़ने पर पाकिस्तान पर बरसे शिखर धवन, लिखा- घटिया देश ने...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीजफायर होने के चार घंटे बाद ही पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों पर फिर उतारू हो गया और भारत के इलाकों में फिर से बमबारी चालू कर दी। भारतीय फौजें इसका जोरदार जवाब दे रही हैं। वहीं, पाकिस्तान की इस हरकत से भारतीय क्रिकेटर भी बेहद गुस्से में नजर आ रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने एक्स पर पोस्ट में लिखा है- घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया को दिखा दिया। बीते दिन भी धवन ने इस स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था- हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर जवानों को सम्मान। भारत मजबूती से खड़ा है। जय हिंद! सहवाग, जिन्हें मुल्तान के सुल्तान के नाम से जाना जाता है, ने भी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक तीखा संदेश पोस्ट किया। उन्होंने हिंदी मुहावरे कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है. का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के बार-बार संघर्ष विराम तोड़ने की प्रवृत्ति पर कटाक्ष किया। यह मुहावरा उन लोगों या संस्थाओं के लिए प्रयोग किया जाता है जो बदलाव का विरोध करते हैं। सहवाग का यह तंज पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघनों के इतिहास पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। बता दें कि शनिवार शाम दोनों देशों ने औपचारिक रूप से संघर्ष विराम समझौते की घोषणा की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने तत्काल प्रभाव से सभी शत्रुताएं–चाहे वह भूमि, वायु या समुद्र से हों–समाप्त करने पर सहमति जताई थी। लेकिन पाकिस्तान ने इस विराम को तोड़ दिया। वहीं, देर रात खबरें आई कि चीन ने पाकिस्तान की वकालत की है लेकिन इस संबंधी जब भारत के विदेशी मंत्रालय ने चीन में बात की तो उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया और कहा कि वह हर वक्त आतंकवाद का विरोध करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## बांग्लादेश क्रिकेट टीम यूएई दौरे के लिए तैयार, पाकिस्तान यात्रा पर अभी सस्पेंस बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को ऐलान किया कि उनकी पुरुष राष्ट्रीय टीम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा करेगी। हालांकि, पाकिस्तान में प्रस्तावित पांच टी20 मैचों के दौरे को लेकर बोर्ड ने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। यूएई क्रिकेट बोर्ड ने पहले घोषणा की थी कि बांग्लादेश की टीम मई में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान यूएई के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगी। ये मुकाबले 17 और 19 मई को स्थानीय समयानुसार शाम 7ः00 बजे होंगे। इसके बाद बांग्लादेश को 25 मई से 3 जून तक पाकिस्तान में पांच टी20 मैच खेलने थे।

बीसीबी ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रहे तनाव के कारण, जिसके चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) स्थगित हो चुके हैं, पाकिस्तान दौरे का फैसला टाल दिया गया है। शनिवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बीसीबी के निदेशकों की एक बैठक हुई, जिसमें भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बीसीबी ने अपने बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी प्रतिबद्धता और तैयारियों को जारी रखते हुए, बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम अगले सप्ताह यूएई में दो टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान दौरे के बारे में बीसीबी ने कहा, हम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ इस दौरे को लेकर लगातार संपर्क में हैं। खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, दौरे से जुड़ा कोई भी फैसला सावधानीपूर्वक और बांग्लादेश क्रिकेट के हित में लिया जाएगा। बीसीबी ने स्पष्ट किया कि वह स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और जल्द ही पाकिस्तान दौरे पर अंतिम निर्णय लेगा।

### लारा ने कहा-

# विराट टेस्ट से संन्यास न लें

- टेस्ट क्रिकेट को उनकी जरूरत आगे
- 60 से ऊपर की औसत से रन बनाएंगे





**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने भारतीय बल्लेबाजी के सुपरस्टार विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के कथित फैसले को वापस लेने की सार्वजनिक अपील की है। यह अपील ऐसे समय में आई है जब कोहली के टेस्ट क्रिकेट भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

35 वर्षीय कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया है कि वह 20 जून से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ भारत की आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी हार नहीं मानी है। बोर्ड के सूत्रों का कहना है कि वे कोहली को टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर तब जब इंग्लैंड और के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का नया चक्र शुरू हो रहा है। लारा, जिन्हें क्रिकेट इतिहास के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, ने कोहली की टेस्ट क्रिकेट में उपलब्धियों और उनके प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी हर पीढ़ी में एक बार आते हैं। उनकी तकनीक, जुनून और खेल के प्रति समर्पण टेस्ट क्रिकेट को जीवंत बनाए रखते हैं। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। विश्व क्रिकेट को अभी उनकी जरूरत है। लारा ने यह भी कहा कि कोहली की मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करती है और भारत के डब्ल्यूटीसी अभियान के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड कोहली के साथ गहन चर्चा कर रहा है। वे चाहते हैं कि कोहली कम से कम इस डब्ल्यूटीसी चक्र तक टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखें, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी शामिल है। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 8,848 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 49.15 है, जो उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। हालांकि, कोहली ने पिछले कुछ समय से सीमित ओवरों के क्रिकेट पर अधिक ध्यान दिया है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि वह अपने करियर के इस पड़ाव पर कार्यभार को कम करना चाहते हैं। दूसरी ओर, प्रशंसक और क्रिकेट विशेषज्ञ कोहली को टेस्ट क्रिकेट में योगदान देते देखना चाहते हैं।

लारा की अपील और बीसीसीआई के प्रयासों के बीच, क्रिकेट जगत कोहली के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

## विराट कोहली का संन्यास सही पर टाइमिंग गलत: सिद्धू





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में एक बार फिर हलचल मच गई है। खबर है कि टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के बहुप्रतीक्षित पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का चौंकाने वाला फैसला किया है। इस खबर ने न केवल प्रशंसकों को स्तब्ध कर दिया है, बल्कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारियों को भी चिंता में डाल दिया है। बीसीसीआई ने कोहली से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, क्योंकि यह सीरीज अगले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी।

भारतीय सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने कोहली के इस फैसले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि हालांकि कोहली का युवाओं को मौका देने का इरादा नेक है, लेकिन इंग्लैंड दौरे से पहले इसकी टाइमिंग गलत है। सिद्धू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, विराट कोहली का संन्यास लेने का फैसला क्रिकेट जगत में तहलका मचा रहा है। उनका इरादा सही है, उनका मकसद नेक है कि 'पुरानी व्यवस्था को बदलकर नई पीढ़ी को मौका देना चाहिए।' लेकिन समय और अवसर उचित नहीं है, क्योंकि भारत का गौरव और प्रतिष्ठा दांव पर है।

सिद्धू ने आगे कहा, हम एक ऐसे दौरे पर जा रहे हैं, जो अन्य टेस्ट खेलने वाले देशों के लिए भी सबसे कठिन चुनौती है। मैं क्यों कहता हूं कि कोहली इंग्लैंड में हमारे 'चमकते हुए योद्धा' हो सकते हैं? क्योंकि उनके पास अनुभव है, खासकर रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आप इंग्लैंड में एक अनुभवहीन टीम नहीं भेज सकते।

### इंडिया वूमेन-श्रीलंका वूमेन

## स्मृति मंधाना ने 92 गेंदों पर ठोका शतक, खेली 116 रन की पारी, भारत ने बनाए 342 रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ वूमेन्स ट्राई नेशनल सीरीज 2025 के फाइनल में कमाल की शतकीय पारी खेली। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका के खिलाफ 50 ओवर में 7 विकेट पर 342 रन का विशाल स्कोर बनाया और विरोधी टीम को जीत के लिए 343 रन का टारगेट दिया। भारत की तरफ से हरलीन देओल, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स इस मैच में अर्धशतक लगाने से चूक गईं। .स्मृति मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गजब की पारी खेलते हुए 92 गेंदों पर शतक पूरा किया और इस मैच में उन्होंने 2 छक्के और 15 चौकों की मदद से 101 गेंदों पर 116 रन ठोक डाले। ये मंधाना के वनडे क्रिकेट करियर का 11वां शतक रहा। पहले विकेट के लिए मंधाना ने इस मैच में प्रतिका रावल के साथ मिलकर 70 रन की साझेदारी की जबकि दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ मिलकर 120 रन की शतकीय साझेदारी निभाई।

### भारतीय महिला टीम ने बनाए 342 रन

भारतीय महिला टीम की बैटिंग फाइनल मैच में जबरदस्त रही और इस टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 342 रन बनाए। भारत की तरफ से मंधाना की शतकीय पारी के अलावा हरलीन देओल ने 47 रन जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंदों पर 41 रन तो वहीं जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज गति से 29 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाए। ये तीनों अपने अर्धशतक के करीब आकर आउट हो गईं। इसके अलावा निचले क्रम की बल्लेबाज अमनजीत कौर ने 12 गेंदों पर 18 रन तो वहीं दिप्ती शर्मा ने 14 गेंदों पर नाबाद 20 रन की पारी खेली।

# गंभीर-अगरकर ने तय किया भारत का नया टेस्ट कप्तान!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को अगले महीने इंग्लैंड के दौरे पर जाना है. दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. ये वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की पहली सीरीज भी होगी, जिसकी शुरुआत 20 जून से होनी है. इस सीरीज के साथ भारतीय क्रिकेट के नए दौर की भी शुरुआत होगी.

दरअसल, भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट फॉर्मेट में संन्यास लिया है, जो टेस्ट टीम के कप्तान भी थे. ऐसे में इस दौरे पर भारतीय टीम एक नए कप्तान के साथ जाएगी. इस कप्तान का नाम तय हो गया है और बीसीसीआई जल्द ही इसका ऐलान भी करेगी. रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा काफी खराब रहा था और टीम इंडिया को हार का सामना भी करना पड़ा था. उसके बाद से ही माना जा रहा था कि रोहित को अब टेस्ट में जगह नहीं मिलेगी. इन सब खबरों के बीच उन्होंने संन्यास का ऐलान करके को चौंका दिया. इसके बाद नए कप्तान की रेस में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हो गए, जिसमें सबसे बड़ा नाम जसप्रीत बुमराह का है. लेकिन वह इस रेस में पिछड़ गए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान होंगे.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 या 24 मई इस दौरे लिए टीम इंडिया का सेलेक्शन किया जाएगा. हालांकि, यह तय हो गया है कि गिल ही इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के कप्तान होंगे. वहीं, बीसीसीआई प्रेस कॉन्फ्रेंस करके गिल को अगला कप्तान बनाने का ऐलान कर सकती है. इतना ही नहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुभमन गिल ने भारतीय टेस्ट क्रिकेट के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से मुलाकात भी की है.

### रेड-बॉल क्रिकेट में पहली बार संभालेंगे कमान

ये पहला मौका होगा जब शुभमन गिल रेड-बॉल क्रिकेट में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे. इससे पहले वह टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं. पिछले साल जिम्बाब्वे दौरे पर वह टीम का कप्तान बनकर गए थे, जब 5 टी20 मैच खेले गए थे. इसके अलावा वह आईपीएल में गुजरात की टीम के कप्तान भी हैं. आईपीएल 2025 में उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है, जिसके चलते उन्हें अब टेस्ट टीम की कमान मिलने जा रही है. हालांकि, बीसीसीआई का आखिरी फैसला क्या होगा, इसका पता 23 या 24 मई को चल जाएगा.

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर का निधन...

### टेस्ट में जड़ा था ऐतिहासिक तिहरा शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट से जुड़ी एक दुखद खबर सामने आई है. दिग्गज क्रिकेटर बॉब काउपर का मेलबर्न में निधन हो गया. काउपर 84 साल के थे और उनका निधन 11 मई (रविवार) को हुआ. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने काउपर के निधन की पुष्टि की है. काउपर लंबे समय से कैंसर बीमारी से जूझ रहे थे.

काउपर के परिवार में उनकी पत्नी डेल और दो बेटियां (ओलिविया और सेरा) हैं. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा, बॉब काउपर के निधन की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है. वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक बेहद सम्मानित व्यक्ति थे. बॉब एक शानदार बल्लेबाज थे, जिन्हें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में उनके तिहरे शतक के साथ-साथ 1960 के दशक में ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया (राज्य) टीमों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हमेशा याद किया जाएगा. बाएं हाथ के बल्लेबाज बॉब काउपर को उनके बेहतरीन स्ट्रोक प्ले और संयमित बल्लेबाजी करने के लिए जाना जाता था.



काउपर ने अपनी सबसे यादगार पारी फरवरी 1966 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी. तब उन्होंने लगभग 12 घंटे की मैराथन पारी में 589 गेंदों पर 307 रन बनाए थे. यह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर किसी बल्लेबाज का टेस्ट क्रिकेट में पहला तिहरा शतक था. साथ ही 20वीं सदी में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में बनाया गया यह इकौलता तिहरा शतक भी रहा. देखा जाए तो ये बॉब काउपर का तीसरा टेस्ट शतक था. उन्होंने एक साल पहले कैरेबियाई धरती पर दो शतक बनाए थे. फिर तिहरे शतक के बाद उन्होंने दो और शतक बनाए. उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से साल 1968 में संन्यास की घोषणा की, तब वो सिर्फ 28 वर्ष के थे. काउपर ने 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 46.84 के एवरेज से 2061 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 5 शतक और 10 अर्धशतक निकले.

### घरेलू मैदान पर जमकर बनाते थे रन

घरेलू मैदान पर बेन काउपर का रिकॉर्ड और भी दमदार था, जहां उन्होंने 75.78 की औसत से टेस्ट क्रिकेट में 1061 रन बनाए थे. वह महान डॉन ब्रैडमैन के बाद घरेलू जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट औसत वाले बल्लेबाज हैं. काउपर ने अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी का भी जलवा दिखाया और टेस्ट में 36 विकेट झटके. काउपर ने 147 फर्स्ट क्लास मैचों में 10595 और 4 लिस्ट-ए मैचों में 77 रन बनाए.

### पीएसएल 2025 की मेजबानी से किया इनकार

## अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने निभाई बीसीसीआई और जय शाह से दोस्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव जारी रहने के बावजूद, क्रिकेट कूटनीति चुपके से अपनी भूमिका निभा रही है। खबर है कि अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की उस अपील को ठुकरा दिया, जिसमें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बचे हुए मैचों को यूएई में आयोजित करने की मांग की गई थी।

माना जा रहा है कि यह फैसला भारतीय क्रिकेट प्रशासकों के इशारे पर लिया गया। एक क्रिकेट अधिकारी ने कहा, ÷जब सीमा पर हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, तब हम चुप नहीं रह सकते। क्रिकबज ने पहले भी इस बात के संकेत दिए थे कि भारत की ओर से दबाव बनाया गया था, और अब ईसीबी का यह फैसला उसी दिशा में दिखाई देता है। पूर्व बीसीसीआई सचिव और वर्तमान आईसीसी चेयरमैन जय शाह की प्रतिष्ठा और यूएई के नेतृत्व व क्रिकेट बोर्ड के साथ उनके करीबी रिश्तों ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीसीसीआई और ईसीबी के बीच संबंध हमेशा से सौहार्दपूर्ण रहे हैं,

खासकर तब से जब बीसीसीआई ने जय शाह के नेतृत्व में यूएई में डेढ़ आईपीएल सीजन और 2021 टी20 विश्व कप का आयोजन किया। ईसीबी के महासचिव मुबाशिर उस्मानी, जो मूल रूप से मुंबई के हैं उन्होंने भी इन रिश्तों को और मजबूत किया है। एक ईसीबी अधिकारी ने क्रिकबज को बताया, हम बीसीसीआई और जय भाई के आभारी हैं.

# ओल्ड सिटी वॉकर्स वेलफेयर एसोसिएशन और पाटबस्ती के लोगों ने शहीद जवान मुरली नायक और सचिन यादव को श्रद्धांजलि



**हैदराबाद (एजेंसी),**

------------

ओल्ड सिटी वॉकर्स वेलफेयर एसोसिएशन और पाटबस्ती के लोगों ने शहीद भारतीय सेना के जवान मुरली नायक और सचिन यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। ओल्ड सिटी वॉकर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री बी. उमेश गौड़ ने कहा कि सैनिकों की बहादुरी के कारण ही भारत बहुत मजबूत और सुरक्षित है। रविवार को लाल दरवाजा के निकट पूल बाग जीएचएमसी खेल मैदान में ओल्ड सिटी वॉकर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पाकिस्तान और भारत के बीच हुए युद्ध में 14 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने वाले तेलुगू शहीद मुरली नाइक और सचिन यादव को भव्य श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा किये गये हमलों से देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्म-सम्मान और नैतिक मूल्यों की रक्षा के प्रयास के तहत प्रत्येक भारतीय से भारतीय सेना में भागीदार बनने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका की यात्रा पर गए होल सिटी वॉकर्स एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार और तेलंगाना इंटेलेक्चुअल फोरम राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजनारायण मुदिराज ने संदेश भेजकर कहा कि भारतीय सेना हमारे लिए अपने प्राणों की आहुति दे रही है, हमें न केवल उनके साहस की सराहना करनी चाहिए बल्कि उनका समर्थन भी करना चाहिए। आकाशवाणी के सेवानिवृत्त तकनीकी अधिकारी श्री टी. नरेन्द्र रेड्डी ने कहा कि देश की संप्रभुता की रक्षा में सैनिकों की सेवाएं सराहनीय हैं तथा उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि पाकिस्तान ने कपट दिखाया है तथा युद्ध विराम का अनुरोध करने के कुछ ही घंटों के भीतर सीमा पर हमले कर रहा है। यह घटना अक्षम्य है। भारतीय सीमा पर गोलीबारी में शहीद हुए बहादुर भारतीय सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। आर्य समाज के प्रमुख प्रचार सचिव एवं राष्ट्रीय योग गुरु श्री एस. रामकृष्ण शास्त्री ने गीत गाकर और शांति गीत प्रस्तुत कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में के. रघु, बी शेखर, एम किरण चारी, एस सुरेंदर, बी अंजनेयुलु चारी, एम शशिधर चारी, बी वेंकटेश, एच हनुमंत रेड्डी, ई गिरीश बाबू, श्रीनिवास चारी, विजय कुमार, राजा प्रभु, मुक्केबाजी कोच प्रताप प्रदीप और विभिन्न खेल प्रशिक्षकों ने भाग लिया और राष्ट्रीय ध्वज और नारे के साथ बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

# तेलंगाना उर्दू जर्नलिस्ट फेडरेशन पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद (एजेंसी),**

-----------------

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तेलंगाना उर्दू जर्नलिस्ट फेडरेशन का वर्ष 2023 -24 फैज़ मोहम्मद असगर, तबस्सुम फरीदी और हबीब अली अल जिलानी वरिष्ठ उर्दू पत्रकार पुरस्कार कार्यक्रम हैदराबाद के सुरावरम प्रताप रेड्डी ऑडिटोरियम में फेडरेशन के अध्यक्ष एम ए माजिद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिये हैदराबाद सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी, तेलंगाना सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर, प्रेस अकादमी चेयरमैन श्रीनिवास रेड्डी और टीयूडब्ल्यूजे के प्रदेश अध्यक्ष विराहत अली की उपस्थिति में 8 उर्दू के वरिष्ठ पत्रकारों को 10 हजार नकद, मोमेंटो और शाल के साथ सम्मानित किया गया। सम्मानित पत्रकारों में करीमनगर सियासत टीवी रिपोर्टर एम ए असद के अलावा हैदराबाद के सियासत उर्दू वरिष्ठ पत्रकार नयीम वजाहत, वरंगल के एतेमाद उर्दू वरिष्ठ पत्रकार वहीद गुलशन, यासर उल्लाह शकील, इफ्तेखार अली वाजिद, शाहिद अहमद तवकक्ल, मोहम्मद अलीमुद्दीन, के एन वासिफ हैं।

कार्यक्रम में फेडरेशन के सचिव सय्यद गौस मोहिउद्दीन, कोषाध्यक्ष एम ए मोहसिन और अन्य उपस्थित थे। अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सय्यद इमामुद्दीन, मोहसिन मोहिउद्दीन, सादत अली सिद्दीकी, सिराज मसूद, सादिक अली, अफजल पाशा, अजहरुद्दीन फैसल और शीराज ने असद को बधाई दी।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना आगापुरा शाखा के चुनाव संपन्न



**हैदराबाद (एजेंसी),**

-----------------

आज सुभाष अग्रवाल के निवास स्थान पर अग्रवाल समाज आगापुरा शाखा के आगामी दो वर्षों के लिए शाखा के पदाधिकारियों का चयन किया गया।

सुभाष अग्रवाल को सर्व सम्मति से अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। विनोद कुमार अग्सरवाल को उपाध्यक्ष,अजय अग्रवाल को मानद मंत्री,अशोक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष,निशांत अग्रवाल को सह मंत्री के रूप में चयनित किया गया।

अनिरुद्ध गुप्ता को केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और सुगमता से की गई चुनाव प्रकिया की सराहना की।



**हैदराबाद(एजेंसी),** अग्रवाल समाज की 70 वीं मैरेज डेटा कमिटी की बैठक समाज कार्यालय राघव रत्ना में आयोजित की गई। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, कमिटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, संयोजक रमेश कुमार तुलसियान वाईस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार मित्तल, अशोक कुमार दादरीवाला, गोविंद राम गुप्ता, इक्युपंक्च्यर के डॉ. बाल कृष्ण सुरेखा एवं बालक बालकों के अभिभावक गण उपस्थित थे






**हैदराबाद (एजेंसी)**,हिंदी नगर कल्याण सोसायटी पदाधिकारी ने आज हिंदी नगर गोशाला का उद्घाटन किया।अवसर पर सभी सदस्य उपस्थित थे।



**हैदराबाद ( एजेंसी)**अखिल भारतीय जैन अल्पसंख्यक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललित गांधी जी द्वारा तेलंगाना अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हिमांशु बापणा को तेलंगाना अल्पसंख्यक जैन महासंघ के अध्यक्ष पद मनोनयन पर मारवाड़ मेवाड़ जैन तेरापंथ परिषद द्वारा सम्मान करते हुए परिषद के अध्यक्ष पारसमल गेलड़ा उपाध्यक्ष प्रकाश एच भंडारी अशोक मेड़तवाल मंत्री विजय आंचलिया भंवर लाल बंबोली हुकमीचंद कोचेटा अशोक बंबोली रमेश संचेती प्रमोद बंबोली आदि उपस्थितअखिल भारतीय जैन अल्पसंख्यक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललित गांधी जी द्वारा तेलंगाना अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री हिमांशु बापणा को तेलंगाना अल्पसंख्यक जैन महासंघ के अध्यक्ष पद मनोनयन पर मारवाड़ मेवाड़ जैन तेरापंथ परिषद द्वारा सम्मान करते हुए परिषद के अध्यक्ष पारसमल गेलड़ा उपाध्यक्ष प्रकाश एच भंडारी अशोक मेड़तवाल मंत्री विजय आंचलिया भंवर लाल बंबोली हुकमीचंद कोचेटा अशोक बंबोली रमेश संचेती प्रमोद बंबोली आदि उपस्थित थे।






Printed,Published,Edited & Owned by Sandesh B. Bharadwaj Printed at RK Art Printers, AP HB Shop , Vidhya Nagar, Hyderabad ( T.S.) 504001.Published from HO No 2-2-1103/5/3A,Himyathnagar, Hyderabad ( T.S.) RNI APHIN/2009/29553 500027. E-mail: dailyhindihyd@gmail.com, Website- hindidaily.net